# ध्येय पथ
# अगस्त–2019

## प्रार्थना सभा का प्रारम्भ



01 अगस्त से महाविद्यालय में नियमित प्रार्थना सभा का आयोजन प्रातः 09:20 से प्रारम्भ हुआ। प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 09:20 से क्रमशः राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वन्दना, ईशोपासना के साथ महाविद्यालय प्रारम्भ होती है। तिथि विशेष पर यदि कोई महापुरुष/घटना की/जयन्ती/पुण्यतिथि/स्मृति दिवस होता है, तो उस दिन महापुरुष/घटना के संदर्भ में उद्‌बोधन होता है। शेष दिवसों पर श्रीमद्‌भगवतगीता के हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद सहित श्लोको का वाचन होता है। प्रार्थना सभा में विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी सहित प्राचार्य सम्मिलित रहते हैं।

## बाल गंगाधर तिलक महाप्रयाण दिवस एवं पुरुषोत्तम दास दंडन जयन्ती तथा नवप्रवेशित विद्यार्थी स्वागत समारोह



01 अगस्त को बाल गंगाधर तिलक महाप्रयाण दिवस एवं पुरुषोत्तम दास टंडन जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्वागत करते हुए उपरोक्त दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व पर अपना विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही साथ नवप्रेशित विद्यार्थी को स्वस्थ परिसर संस्कृति से भी अवगत कराया। सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम

01 अगस्त से 07 अगस्त तक गृह विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय योजना के संयुक्त तत्वावधान में सप्त–दिवसीय विश्व स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. राजकिशोर सिंह द्वारा किया गया। सप्त दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं को इससे सम्बन्धित जानकारी दी गई तथा स्तनपान जागरूकता विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता प्रश्नमंच प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी आदि विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से स्तनपान जागरूकता सप्ताह मनाया गया। समापन अवसर पर महानगर की प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा शाही ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन गृहविज्ञान प्रभारी श्रीमती किरन सिंह तथा संचालन सुश्री पल्लवी नायक ने किया। इस अवसर पर शिक्षक सहित कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## आचार्य मैथिलीशरण गुप्त जयन्ती




03 अगस्त को प्रार्थना सभा में आचार्य मैथिलीशरण गुप्त जी की जयन्ती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने उनके कृतित्त्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बी.एड. विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




06 अगस्त को बी.एड. विभाग में 'अधिगम के सिद्धान्त' विषय पर मनोविज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता श्रीमती साधना सिंह तथा आभार ज्ञापन बी.एड. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। इस अवसर पर बी.एड. विभाग के समस्त शिक्षक, छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।

## गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर पुण्यतिथि




07 अगस्त को प्रार्थना सभा में गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर पुण्यतिथि के अवसर पर बी.एड्. विभाग की प्रवक्ता सुश्री रचना सिंह ने रविन्द्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजनीतिशास्त्र विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

08 अगस्त को महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग के तत्वावधान में 'जम्मू एवं कश्मीर का बदलता परिदृश्य : अनुच्छेद 370 से लेकर संघराज्य क्षेत्र के विशेष सन्दर्भ में' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर के राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोपाल प्रसाद ने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक, आभार ज्ञापन डॉ. यशवन्त राव तथा संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया।



## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम–



09 अगस्त को राष्ट्रीय सेवायोजना के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं एवं शिक्षकों के द्वारा पौधारोपण किया गया।

## 'भारत छोड़ो आन्दोलन एवं काकोरी काण्ड' दिवस




09 अगस्त को प्रार्थना सभा में भारत छोड़ो आन्दोलन एवं काकोरी काण्ड की स्मृति में कार्यक्रम में समाजशास्त्र के प्रवक्ता श्री हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने स्मृति व्याख्यान प्रस्तुत कर महान क्रान्तिकारियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## समाजशास्त्र विभाग में व्याख्यान



10 अगस्त को समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन ''समाजशास्त्र की प्रकृति'' विषय पर किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य श्री प्रकाश प्रियदर्शी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्ता श्री बृजभूषण लाल तथा आभार ज्ञापन श्री हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।

## अमर शहीद खुदीराम बोस जयन्ती




10 अगस्त को प्रार्थना सभा में अमर शहीद खुदीराम बोस जयन्ती के अवसर पर बी.एड्. प्रवक्ता श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा शहीद खुदीराम बोस को महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## रसायन विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




10 अगस्त को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 'करेन्ट इर्न्वामेंटल इसूज : प्रिडिक्शन इम्पैक्ट एण्ड सल्यूशन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया। इस विषय पर डिपार्टमेन्ट ऑफ हाईड्रोलिक एण्ड वाटर इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी डिला, विश्वविद्यालय इथोपिया के सहायक आचार्य डॉ. सत्यनारायण जी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रियंका मिश्रा तथा आभार ज्ञापन डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने किया।

## अहिल्याबाई होल्कर पुण्यतिथि




13 अगस्त को अहिल्या बाई होल्कर की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने अहिल्या बाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अखण्ड भारत स्मृति दिवस

13 अगस्त को भारत विभाजन की पूर्व संध्या पर आयोजित ''विभाजन की परिस्थितियाँ एवं अखण्ड भारत की सम्भावनाएँ'' विषय पर मुख्य वक्ता भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री, बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं पटना विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. संजय पासवान ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में मगध विश्वविद्यालय बोधगया के अवकाश प्राप्त आचार्य डॉ. महेश कुमार शरण ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## स्वतंत्रता दिवस समारोह

15 अगस्त को महाविद्यालय में 73 वॉ स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्सवपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान, वन्देमातरम् सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य जी ने परम्परानुसार अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के प्रयत्नों को ही शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप भेट करते हुए राष्ट्र निर्माण में महाविद्यालय के योगदान पर व्याख्यान दिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष (सेवानिवृत्त) प्रो. वी.के श्रीवास्तव ने उद्बोधन के माध्यम से स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी।



## युगपुरुष ब्रह्मलीन पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन पूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज का पुण्यतिथि समारोह–उद्घाटन कार्यक्रम



16 अगस्त को युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50 वीं एवं राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 05 वीं पुण्यतिथि के पावन स्मृति में आयोजित सप्त दिवसीय व्याख्यान माला के उदघाटन अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनन्त नारायण भट्ट ने ''आयुर्वेद एज मार्डन मेडिसिन : प्रास्पेक्ट्स, लिमिटेशन्स एण्ड चैलेंजेज'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह तथा प्रस्ताविकी एवं आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। समारोह में विशेष रूप से दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो. आर.डी. राय, प्रो. राजेश सिंह, डॉ. केशव सिंह, डॉ. वी. एन. सिंह, निर्भय सिंह, प्रो. महेश शरण आदि सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## व्याख्यान–माला के दूसरे दिन




17 अगस्त को मुख्य वक्ता भारतीय सेना के अवकाश प्राप्त ले. जनरल मानवेन्द्र सिंह ने ''सशस्त्र बलों को जाने'' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में दूसरे वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह ने 'क्लाईमेट चेंज एण्ड ग्लोबल वार्मिंग' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन भूगोल विभागाध्यक्ष, डॉ. विजय कुमार चौधरी तथा संचालन गणित प्रवक्ता डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने किया।

## मदनलाल ढिंगरा पुण्यतिथि

17 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मदन लाल ढ़िगरा की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा मदन लाल ढिंगरा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## व्याख्यान माला के तीसरे दिन




18 अगस्त को 'भारत की आपराधिक न्याय व्यवस्था विषय पर सी.बी.आई नई दिल्ली के लोक अभियोजन श्री विजय कृष्ण पाठक ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। दूसरे वक्ता के रूप में महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता श्रीमती कविता मंध्यान् ने ''इमर्सन एण्ड हिज हिन्दू फिलासफी'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक तथा संचालन बी.एड्. विभाग के प्रवक्ता श्री नवनीत कुमार सिंह ने किया।

## व्याख्यान माला के चौथे दिन




19 अगस्त को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिक प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने ''अस्तित्व के केन्द्र से अस्तित्व के केन्द्र तक ऊर्जा का प्रवाह'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। दूसरे वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने ''डिजीटल इण्डिया के बढ़ते कदम'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन प्राणि विज्ञान विभाग के प्रवक्ता श्री नवनीत सिंह ने किया।

## व्याख्यान माला के पाँचवे दिन



20 अगस्त को ''प्राचीन भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियाँ'' विषय पर रसायनशास्त्र विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वाराणसी के आचार्य डॉ. वी. रामानाथन ने व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा दूसरे वक्ता के रूप में राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने ''वैश्विक स्तर पर उभरता भारत पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन रसायनशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. शिव कुमार बर्नवाल तथा संचालन रसायनशास्त्र विभाग की प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका मिश्रा ने किया।

## शिक्षक कार्यशाला




20 अगस्त को महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए ''देवनागिरी रोमन'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी के आचार्य डॉ. वी रामानाथन द्वारा प्रस्तुती दी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षक उपस्थित रहे।

## व्याख्यान माला के छठवे दिन




21 अगस्त को नई दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार श्री दिलीप सिंह ने ''भारतीय मीडिया की चुनौतियाँ'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। दूसरे वक्ता के रूप में भौतिक विज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर ने ''लिक्विड क्रिस्टल एण्ड इट्स एप्लीकेशन विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव एवं संचालन मनोविज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने किया।

## व्याख्यान माला : समापन समारोह

22 अगस्त को महाविद्यालय में आयोजित युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ स्मृति सप्त दिवसीय व्याख्यान माला के समापन अवसर पर ''नवगठित सरकार एवं सरकार के समक्ष आंतरिक चुनौतियाँ'' विषय पर पर राजनैतिक, सामाजिक चिंतक एवं विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी श्री सुबोध कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर श्री प्रमथनाथ मिश्र, प्रो. महेश शरण, डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय, डॉ. निलाम्बुज सिंह, प्रो. राजेश मल्ल, डॉ. वाई. पी. कोहली, डॉ. अजय सिंह, डॉ. जयन्त सहित शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## बी.एड. विभाग में एक दिवसीय संगोष्ठी

20 अगस्त को बी.एड. विभाग के तत्वावधान में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019 : शिक्षक–शिक्षा एवं राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के विशेष सन्दर्भ में'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी दो सत्रों में विभाजित कि गई प्रथम सत्र में 'शिक्षक–शिक्षा' विषय पर परिचर्चा में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के अधिष्ठाता प्रो. एन.पी. भोक्ता, प्रो. शोभा गौड़, दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के बी.एड. विभाग के प्रो. राजशरण शाही ने विचार प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र में आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन प्रवक्ता श्री नवनीत कुमार सिंह ने किया। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा आयोग विषय पर दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के विभाग के प्रो. राजशरण शाही, बी.एच.यू. आई.टी. के प्रो. बी. रामानाथन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. रविशंकर सिंह किसान पी.जी. कॉलेज, सेवरही कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भटवली महाविद्यालय उनवल के पूर्व प्राचार्य डॉ. सूर्यपाल सिंह ने आभार ज्ञापन महाविद्यालय की बी.एड. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह तथा संचालन प्रवक्ता सुश्री श्वेता चौबे ने कियां। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





## रानी पद्मिनी जौहर दिवस



26 अगस्त को प्रार्थना सभा में रानी पद्मिनी जौहर दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने भारत की अमर वीरांगना रानी पद्मिनी के बलिदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रंगोली प्रतियोगिता



26 अगस्त को ''स्वर्ण जयन्ती समारोह'' के अन्तर्गत दिग्विजयनाथ स्नातक महाविद्यालय में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में 08 महाविद्यालय (महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, सी.आर. डी. पी. कॉलेज सेंट्एड्यूज, एम.पी.पी.जी. दिग्विजयनाथ पी. जी. कॉलेज आदि) ने प्रतिभाग किया जिसमें महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के निखिल (बी. कॉम द्वितीय वर्ष) पूणा सिंह, श्वेता मल्ल, मंजु पाण्डेय (प्रथम वर्ष बी.एड्. भाग प्रथम वर्ष) तथा निष्ठा मिश्रा से (एम. ए. प्रथम वर्ष) ने प्रतिभाग किया।

## भाषण प्रतियोगिता




27 अगस्त को 'स्वर्ण जयंती समारोह के अन्तर्गत दिग्विजयनाथ पी. जी. कालेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, एम.जी. पी.जी. कॉलेज आदि ने प्रतिभाग किया जिसमें महाराणा प्रताप पी.जी कॉलेज के अंकित पाण्डेय (बी.ए. तृतीय वर्ष) माघवेन्द्र त्रिपाठी, अनित पटेल (बी.एड. प्रथम वर्ष) हिमानी मिश्रा, (बी.एड. प्रथम वर्ष) तथा प्रकाश पाण्डेय (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रतिभाग किया तथा प्रकाश पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## प्राचीन इतिहास विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



27 अगस्त को भारतीय इतिहास संकलन समिति गोरक्षप्रांत और प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग तथा इतिहास विभाग महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 'इतिहास दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'जलियावाला बाग नरसंहारः एक ऐतिहासिक पुनरावलोकन' विषय पर मुख्यवक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के आचार्य प्रो. हिमांशु चर्तुवेदी ने अपना विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने तथा कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता डॉ. सौरभ कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न कराने हेतु तैयारी बैठक



28 अगस्त को छात्रसंघ चुनाव की तैयारी बैठक जगत जननी माँ सीता सभागार में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में तैयारी बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिक्षाशास्त्र तथा बी.एड. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान

28 अगस्त को शिक्षाशास्त्र एवं बी.एड. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान 'जनसंख्या शिक्षा' विषय पर आयोजित किया गया। इस विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. प्रवक्ता श्रीमती विभा सिंह तथा आभार ज्ञापन शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रवक्ता श्रीमती साधना सिंह ने किया। इस अवसर पर बी.एड. द्वितीय वर्ष के तथा शिक्षाशास्त्र विषय के विद्यार्थी तथा शिक्षक उपस्थित रहे।




## राजनीतिशास्त्र विभाग में कार्यशाला



28 अगस्त को राजनीतिशास्त्र विभाग में धारा 370 पर दृश्य–श्रव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में राजनीतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक तथा डॉ. यशवन्त कुमार राव एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना बैठक




28 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की सदस्यता के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरन सिंह तथा डॉ. सौरभ कुमार सिंह एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आशु भाषण प्रतियोगिता



29 अगस्त को 'स्वर्ण जयंती समारोह के अन्तर्गत दिग्विजयनाथ पी. जी. कालेज में आयोजित आशु भाषण प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज के राहुल गिरि (एम. ए. प्रथम वर्ष), प्रिया दूबे (बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष) तथा अंकित पाण्डेय (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्रतिभाग किया और प्रिया दूबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## मेजर ध्यानचन्द जयन्ती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस




29 अगस्त को प्रार्थना सभा में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने राष्ट्रीय खेल दिवस व हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की जयन्ती पर उनके व्यक्तित्व पर व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## छात्रसंघ कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव



29 अगस्त को छात्रसंघ के अन्तर्गत कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव शैक्षिक गुणवत्ता के माध्यम से सम्पन्न हुआ। जिसमें 80 कक्षा प्रतिनिधि चुने गये। अपनी–अपनी कक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी कक्षा प्रतिनिधि चुने गये।



## छात्रसंघ चुनाव हेतु पर्चा दाखिला

29 अगस्त को महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव हेतु अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष पद पर चार, महामंत्री पद पर तीन, तथा पुस्कालय मंत्री पर पर चार, प्रतिनिधियों ने पर्चा दाखिल किया।

## छात्रसंघ चुनाव–योग्यता भाषण

30 अगस्त को महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव हेतु योग्यता भाषण का आयोजन किया गया। योग्यता भाषण में अध्यक्ष पद हेतु श्वेता मिश्रा (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष) श्री सत्यप्रकाश तिवारी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) श्री विजय कुमार (बी.एड्. द्वितीय वर्ष), उपाध्यक्ष पर के लिए श्री सुनील कुमार सिंह (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष), श्री शैलेन्द्र प्रजापति (एम. ए. द्वितीय वर्ष) श्री विकास कुमार गुप्ता (बी.ए. प्रथम वर्ष), श्री विकास कुमार मद्धेशिया (बी.एं.तृतीय वर्ष) महामंत्री पद के लिए श्री आशुतोष चौहान, श्री प्रकाश पाण्डेय, श्री रामसकल प्रसाद (एम. कॉम प्रथम वर्ष) तथा पुस्तकालय मंत्री पद हेतु श्री आयुष मद्धेशिया (बी.ए. प्रथम वर्ष) श्री प्रजापति ममता (बी. एस–सी. तृतीय वर्ष), श्री संदीप यादव (बी.ए. प्रथम वर्ष) तथा श्री विजय प्रताप (बी.एस–सी. द्वितीय) ने अपना विचार प्रस्तुत कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की।



## छात्रसंघ चुनाव हेतु मतदान

31 अगस्त को महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव हेतु मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ तथा चुनाव के दौरान कक्षाएं निर्बाध रूप से संचालित हुई। सभी संकायों से कुल 84 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव में श्री विजय कुमार (बी.एड्. द्वितीय वर्ष) श्री सत्यप्रकाश तिवारी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) को 36 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद प्राप्त किया। उपाध्यक्ष पद पर श्री विकास कुमार मद्धेशिया बी.ए. ंतृतीय वर्ष, श्री प्रकाश पाण्डेय महामंत्री के रुप मे तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर सुश्री प्रजापति ममता (बी.एस–सी तृतीय वर्ष) विजयी रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव सहित सभी शिक्षकों ने विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी तथा चुनाव अधिकारी श्री नन्दन शर्मा ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र  प्रदान किया।

